Girls' High School and College, Prayagraj

Work Sheet No. 1

Session - (2020-21)

class 3 (A-F)

Subject - Hindi

Topic - पाठ-3 संज्ञा (व्याकरण)

निर्देश:- कृपया अभिभावक संज्ञा पाठ के विषय में दिए गए विवरण को पढ़ें तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखवाने में बच्चों का सहयोग करें।

संज्ञा की परिभाषा:- किसी भी व्यक्ति वस्तु तथा स्थान के नाम को संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा के भेद:- संज्ञा के मुख्य रूप से तीन भेद होते हैं।

व्यक्तिवाचक संज्ञा:- जिस संज्ञा शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, स्थान, वस्तु आदि के विषय में पता चलता है, उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे:- ताजमहल, हिमालय, तमन्ना आदि।

जातिवाचक संज्ञा:- जिस संज्ञा शब्द से किसी व्यक्ति, वस्तु या प्राणी की जाति के विषय में पता चलता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे:- लड़का, गाय, कुर्सी आदि।

भाववाचक संज्ञा:- जिस संज्ञा शब्द से किसी वस्तु या प्राणी के गुण, धर्म, दशा, अवस्था, भाव आदि के विषय में पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे:- बुढ़ापा, मिठास, ऊँचाई आदि।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

ताजमहल ........ संज्ञा है।

लड़का ........ संज्ञा है।

बुढ़ापा ........ संज्ञा है।

गाय ........ संज्ञा है।

सही विकल्प चुनिए-

तमन्ना संज्ञा है -

(i) व्यक्तिवाचक संज्ञा ☐ (ii) भाववाचक संज्ञा ☐

कुर्सी संज्ञा है -

(i) भाववाचक संज्ञा ☐ (ii) जातिवाचक संज्ञा ☐

प्रश्न 3 नीचे दी गई तालिका में संज्ञा शब्द लिखिए -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | दो व्यक्तियों के नाम | ---------- | ---------- |
| 2 | दो वस्तुओं के नाम | ---------- | ---------- |
| 3 | दो स्थानों के नाम | ---------- | ---------- |
| 4 | दो पशुओं के नाम | ---------- | ---------- |
| 5 | दो पक्षियों के नाम | ---------- | ---------- |
| 6 | दो फलों के नाम | ---------- | ---------- |

प्रश्न 4 लघु उत्तरीय प्रश्न (Short Ques.)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

प्र० 1 संज्ञा किसे कहते हैं?

उ०

प्र० 2 संज्ञा के कितने भेद होते हैं?

उ०

प्र० 3 संज्ञा के भेदों के नाम लिखिए।

उ०

x ——— x